an>

Title: Need to include the tribes of Udaipur division in Schedule-V under Tribal Sub-plan (TSP).

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर): उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपको धन्यवाद ज्ञापित करना चाहता हूं कि आपने मुझे शून्य काल में राजस्थान प्रदेश के आदिवासियों के जनजीवन से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले को सदन में उठाने का अवसर प्रदान किया।

महोदय, जनजाति उप योजना क्षेत्र का विस्तार (टीएसपी)। राजस्थान प्रदेश की कुल जनसंख्या वर्ष 2011 के अनुसार 6,85,48,437 है। कुल जनसंख्या का 13.5 परसेंट जनसंख्या आदिवासियों की है। मैं जिस संभाग से आता हूं जिसके उदयपुर, राजसमन्द, चितौड़गढ़, सिरोही, प्रतापगढ़, पाली आदि जिलों में निवासरत जातियां निवास करती हैं जिनमें भील, मीणा, गरासिया, डामौर, गमेती आदि जातियां निवास करती हैं। जो जनजाति उप योजना क्षेत्र में नहीं जोड़ा गया है। जिससे भारत सरकार एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ इन जिलों के अ.ज.जा.वर्ग को नहीं मिलता है। अतः मैं धन्यवाद देना चाहता हूं हमारे प्रदेश की यशस्वी मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे जी की केबिनेट ने हाल ही में प्रस्ताव पारित करके राज्य ने केन्द्र सरकार को भेजा है कि जनजाति उप योजना क्षेत्र में उन जिलों में निवासरत अ.ज.जा. वर्ग को जोड़ जाए ताकि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ इन वंचित लोगों को मिले।